स्टापडेम | नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, नगर में जलप्रदाय के लिये होगा जलसंचय

# वैनगंगा नदी पर स्टापडेम निर्माण कार्य प्रारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** प्रतिवर्ष की तरह नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा अस्थाई स्टापडेम का निर्माण इस बार भी प्रारंभ कराया गया है। 24 जनवरी को नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने स्टापडेम कार्य का निरीक्षण किया और समय पर कार्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन, सभापति कमलेश पांचे, इंजीनियर ज्योति मेश्राम, जल शाखा प्रभारी शिव तथा कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने जल विभाग एवं इंजीनियर्स से स्टापडेम के विषय में जानकारी ली जहां बताया गया कि स्टापडेम का निर्माण प्रारंभ हो चुका है लोगे कि प्लेट फंसाकर बोरियां रखी जा रही है और नियमिति रूप से काम चलेगा। जिसपर नपाध्यक्ष ने समय से स्टापडेम कार्य को पूर्ण किये जाने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान नगरवासियों से अपील करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि जल हमारे जीवन की अहम उपयोगिता है इसका संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। अनावश्यक जल को व्यर्थ ना बहाये बल्कि इसका महत्व समझें और जागरूकता तथा छोटे-छोटे प्रयासों से जल संचय किया जा सकता है। जबकि नपाध्यक्ष ने नवीन भवन निर्माण कार्य में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर भी आग्रह किया। जल ही जीवन है जल है तो कल है।

### सिंचाई विभाग के नियमों के अनुरूप होता है स्टापडेम

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि नागरिकों के द्वारा सुझाव दिया जा रहा था कि जल्दी स्टापडेम का निर्माण क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह तकनीकी रूप से जांच-परखने के बाद ही किया जाता है जब तक नदी की धार कम नहीं होती है तब तक बंधान का कार्य किया जाना संभव नहीं होता है। चूँकि बैनगंगा नदी स्थित भीमगड़ बांध से सिंचाई के लिये पानी छोड़ा जाता है जिससे नदी के धार तेज हो जाती है जिसके परीक्षण के उपरांत नदी का प्रवाह कम होने पर स्टापडेम निर्माण प्रारंभ कराया गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि कई लोगों द्वारा स्थाई स्टापडेम को लेकर सुझाव दिये जाते है किंतु यह संभव नहीं है क्योंकि सिंचाई विभाग के नियमों के अनुरूप ही स्टापडेम का निर्माण करना होता है जिसे समय पर बांधना और खोलना भी आवश्यक रहता है इसलिए स्थाई स्टापडेम का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। नपाध्यक्ष ने बताया कि यह स्टाप डैम में संचित होने वाले पानी से आज ना सिर्फ बालाघाट शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्याप्त रूप से नदी का जल पहुंच रहा है।

# पंवार समाज द्वारा निकाली गई रैली

## बसंत पंचमी व राजा भोज जयंती का आयोजन



**नवभारत, परसवाड़ा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर एवं परमार वंश के शासक राजा भोज की जयंती पर परसवाड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पंवार समाज द्वारा उत्साहपूर्वक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंवार समाज मंगल भवन, परसवाड़ा में माता सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मधु भगत उपस्थित रहे। उन्होंने माता सरस्वती तथा राजा भोज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उन्होंने महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत मांगों पर सहमति व्यक्त करते हुए पंवार समाज मंगल भवन के चारों ओर बाउंड्री वॉल निर्माण को आगामी मार्च माह के बजट में शामिल किए जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम के उपरांत राजा भोज की आकर्षक झांकी के साथ ढोल और बाजे गाजे की गूंज के बीच भव्य रैली निकाली गई, जो मंगल भवन से प्रारंभ होकर सिविल लाइन होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची और पुन: मंगल भवन लौटकर संपन्न हुई। रैली में समाज के पुरुषों एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, पूर्व अध्यक्ष क्षीरसागर पारधी जनपद उपाध्यक्ष कांति राहंगडाले, जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, समाजसेवी रामेश्वर कटरे, राजा(तंपन) चौधरी

समाजसेवी जनभागीदारी समिति अध्यक्ष निरख राम अमूले, पुलिस पटेल लोकेश राहंगडाले, नगर पंवार संगठन नगर अध्यक्ष नरेन्द्र(पप्पू) पटले विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले, सचिव चंद्रशेखर कटरे, पूर्व मंडी अध्यक्ष संपत पटेल, योगेश शरणागत, पीतम बोपचे, तुलसीराम बघेल, शिव पटले, अशोक कटरे, टीकम राहंगडाले, रमेश पटेल, महेश कटरे, कमलेश बिसेन, मनोज श्रीपटेल, योगेश अमूले, मीनेश ऐडे, विनय पटेल, भागचंद बिसेन, सोनू गौतम, विकास ऐड़े, पत्रकार नरेन्द्र(पप्पू) शरणागत, पीमेश राहंगडाले, उमेश बिसेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाई गई वसंत पंचमी और पराक्रम दिवस



**नवभारत, बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्या की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, वरिष्ठ शिक्षक श्री वासुदेव भूते, श्रीमती एस राव, श्रीमति अनुपमा गौतम और श्री नीरज तिवारी के द्वारा मां सरस्वती जी, गुरुपरंपरा, महर्षि महेश योगी जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया ।तत्पश्चात संस्कृत शिक्षिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी पटले ने पाठन कर मां सरस्वती पूजन संकल्प सभी उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को करवाया गया ,उसके बाद संस्था की परंपरा के अनुसार गुरुपूजन कर सामूहिक भावातीत ध्यान का अभ्यास सुनीता तिवारी और मनोज ज्योतिषी के मार्गदर्शन में किया गया ।आज की सभा पाराशर सदन द्वारा संचालित की गई जिसमें कक्षा नवमी व्यास के छात्र आरित देशमुख द्वारा मंच संचालन किया गया,वही यश्वी पटले ने वसंत पंचमी पर अपना उदबोधन प्रस्तुत किया।

सदन के छात्र अयन सिंह ठाकुर ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया ,साथ ही अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान, कला और संगीत के महत्व को दर्शाया। प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने वसंत पंचमी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन, अनुशासन एवं सृजनात्मकता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि वसंत पंचमी न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह शिक्षा, संस्कार और नवचेतना का पर्व भी है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय का वातावरण भक्ति, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

आज ही महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई जहां नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, बलिदान और आदर्शों के विषय में बताते हुए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

# प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत जर्जर स्कूलों के मरम्मत कार्यों को दी गई प्रशासकीय स्वीकृति

### बैहर व बिरसा के 20 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए 24 लाख 96 हजार रुपए स्वीकृत

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किये गए है। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। इस योजना के तहत बालाघाट जिले के बिरसा जनपद अंतर्गत 10 तथा बैहर जनपद पंचायत अंतर्गत 10 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल 20 जर्जर स्कूलों की मरम्मत कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन जर्जर स्कूल भवनों का निर्माण कार्य शाला प्रबंधन समिति द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

इस योजना के तहत बिरसा जनपद की ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम छिंदीटोला के ईजीएस स्कूल में मरम्मत कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार बिरसा जनपद की ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के ग्राम बैगाटोला के ईजीएस स्कूल, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के ग्राम सुकुलपाठ के ईजीएस स्कूल, ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला भण्डेरी, ग्राम पंचायत धुनधुनवर्धा के एकीकृत स्कूल, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय माध्यमिक शाला चारघाट, ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला पटेलटोला, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय प्राथमिक शाला डोडराटोला, ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के शासकीय प्राथमिक शाला किडंगीटोला एवं ग्राम पंचायत डाबरी के शासकीय प्राथमिक शाला गौरझोला में मरम्मत कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह बिरसा जनपद के कुल 10 जर्जर स्कूल भवनों के



मरम्मत कार्य के लिए 12 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इसी प्रकार बैहर जनपद की ग्राम पंचायत लूद के ग्राम बम्हनी के एकीकृत स्कूल में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लूद के एकीकृत स्कूल में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लातरी के एकीकृत स्कूल में मरम्?मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मोहरई के शासकीय प्राथमिक शाला आर्मी में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मोहरई के शासकीय प्राथमिक शाला झिंगराटोला में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत नव्ही के शासकीय प्राथमिक शाला चुक्काटोला में मरम्?मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत लूद के शासकीय प्राथमिक शाला सारद में मरम्?मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला दुगलई में मरम्?मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला बोडखी में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 25 हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत बिठली के शासकीय प्राथमिक शाला आमानाला में मरम्मत व सुधार कार्य के लिए 01 लाख 24 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस तरह बैहर जनपद के कुल 10 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य के लिए 12 लाख 46 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### कार्यशाला में बच्चों ने सीखा कृत्रिम घोंसले, किचन गार्डन एवं पेपर बैग बनाना

**बालाघाट।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्ही, विकासखण्ड किरनापुर, जिला बालाघाट में दिनांक 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, मध्यप्रदेश शासन भोपाल तथा ईको क्लब के मार्गदर्शन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सतत जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को कला एवं विज्ञान के समन्वय के माध्यम से कृत्रिम घोंसले बनाना एवं उन्हें स्थापित करना, किचन गार्डन की उपयोगिता, तथा पेपर बैग निर्माण एवं उसके पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा तैयार सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री अर्जुनलाल कोरे ने की।

### सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव आयोजित

**बालाघाट।** सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में दिनांक 23 एवं 24 जनवरी 2026 को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रथम दिवस 23 जनवरी को वार्षिक उत्सव का शुभारंभ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख श्री एस.के. मानेश्वर, प्राचार्य के सानिध्य में एवं श्री पी.एस. ठाकरे (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन के साथ की गई। तत्पश्चात रिबन काटकर खेल महोत्सव का उद्घाटन किया गया।

खेल महोत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सदनवार प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राथमिक वर्ग में मेंढक दौड़ एवं जलेबी दौड़, जबकि कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समस्त खेल विधाओं में नर्मदा सदन ने प्रथम स्थान तथा चंबल सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


द्वितीय दिवस 24 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्री रम्मू धानेश्वर, अन्य गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं संस्था प्रमुख श्री एस.के. मानेश्वर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### ऑल इंडिया लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 26 से

**नवभारत, बालाघाट।** जिला क्रिकेट संघ बालाघाट के तत्वाधान में ऑल इंडिया लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता मौसम बिसेन कप का आयोजन ज़िले में किया जा रहा है। याह क्रिकेट प्रतियोगिता सवर्गिय श्री राजेंद्र कोचड़ (निक्की बाबू) की स्मृति में अयोजित किया जा रहा है द्य इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे देश की महत्वपूर्ण टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसमें जबलपुर, नागपुर, बिलासपुर, नागौर, पुणे, बालाघाट , विदर्भ खेल संगठन गोंदिया के साथ मुंबई की टीम शामिल हो रही है । यह अयोजन दिनांक 26 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में आयोजित की गई है । ज्ञात हो कि जिला क्रिकेट संघ लगातार जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने और जिले के अंतिम चोर के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने उन्हें मंच देने हेतु विगत कई वर्षों से प्रयासरत है । यह कार्यक्रम जिला क्रिकेट संघ के सचिव निशांत मिश्रा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# विकास कार्यों को भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया

**नवेगांव 3 में सांसद भारती पारधी और प्रदीप जायसवाल पांच विकास कार्यों की सौगात कार्यक्रम में हुये शामिल**



**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम नवेंगाव 3 मे एक साथ पांच विकास कार्यो की सौगात कार्यक्रम मे सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व सांसद डा ढालसिंह बिसेन, जिला पंचायत सदस्य मधू शूक्ला, सरपंच संदीप लिल्हारे सहित अनेको जनप्रतिनिधीगण शामिल हुये। क्रमश एक के बाद एक भूमीपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम मे ग्रामीणजनो ने भी अधिक संख्या मे शामिल होकर अपनी खुशियो को उत्सव के समान बताकर एक साथ सामुहिक रूप से भोजन किया।

ग्राम की सीमा से निकली रैली मे ग्रामीणो की भारी भीड ही अतिथीयो के प्रति आभार व्यक्त करते हुये नजर आयी। रैली मे गाजे बाजे और आतिशबाजीयो के नजारो के बीच समुचे कार्यक्रम मे जनमानस का उत्साह बता रहा था कि आज का दिवस ग्राम पंचायत के लिये विकास की नयी परिभाषा लिख रहा है। दूसरी ओर रात्रि मे श्रीराम दीप महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पर श्रीराम चरित मानस सत्संग सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच व सेवामयी कार्यो का परिणाम है की आज देश के प्राय सभी राज्यो मे भाजपा ही चुनाव जीत रही है। हम भी जिले मे दुसरी रेल लाईन के साथ सभी तरह की सुविधाओ को महानगरो की तर्ज पर लाने के लिये पुरी क्षमता के साथ प्रयासरत है। नवेंगाव पंचायत को सभी जनप्रतिनिधीयो ने विकास कार्यो की सौगात दी है। गुडडा भैया ने पहले ही ग्रामीण सडको का जाल बिछा दिया है। अगर पिछले विधानसभा चुनाव मे जनता गलती नही करती तो आज के विकास उत्सव मे गुडडा भैया भी एक बडी विकास की सौगात अवश्य देते।

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की आज ग्रामीण क्षेत्रो मे करोडो रूपये की इतनी पक्की सडके बन गयी है कि गिनती करना भी आसान नही है। आप लोग ग्राम बेनी - रेंगाटोला मार्ग निर्माण की जो बात कर रहे थे। उसकी स्वीक्रति भी हो गयी है। अब टेंडर आदि की प्रक्रिया भर शेष है। और घोटी - धापेवाड़ा 40 करोड़ रुपये के पूल के बाद डोंगरमाली से घोटी पक्की सडक का 14 करोड रूपये का कार्य आधा हो भी चुका है। आप सभी लोग इस विषय पर अवश्य ध्यान आकर्षित करे की बडे बडे फलाई ओवर बनने और नदियो पर ब्रहद पूल बनने के बाद जमीन के दाम आसमान पर पहुच गये है। इसका फायदा हमारे क्षेत्र के किसानो को स्पष्ट तौर पर मिल रहा है। साथ ही इन दर्जनो मार्गो पर बडी बडी सडको के कारण आज कोई भी छोटे से छोटा व्यवसाय खोलने पर वह फायदे की श्रेणी मे आ गया है।

सरपंच संदीप लिल्हारे ने अतिथीयो का आभार व्यक्त करते हुये कहा की आज पांच विकास कार्यो मे सामुदायिक भवन लागत 25 लाख रूपये का भूमीपूजन, स्कूल बिल्डिग लागत 27 लाख का लोकार्पण, देवी चैक पार्ट वन व पार्ट टू का सीमेंटीकरण लोकार्पण, देवी चैक पर हाईमास्क का लोकार्पण अतिथीयो के हस्ते गाजे, बाजे व पटाखो के शोर के बीच किया गया।

# न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही असहाय गरीब महिला

**प्रेस कांफ्रेंस में पीड़ित महिला व जनप्रतिनिधियों ने बताई आपबीती**



**खैरलॉजी नवभारत 24 जनवरी।** गरीब की सुरक्षा पर बड़े बड़े दावे, नारे और सख्त संवाद तब अर्थहीन हो जाते हैं जब जमीनी हकीकत उससे उलट दिखाई दे। थाना क्षेत्र की एक घटना बताती है कि कानून का भय कमजोर हुआ है और पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटक रहे है।

उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भौरगढ़ की 56 वर्षीय बुजुर्ग महिला बैयवंता बाई ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि वह और उनका परिवार बीते आठ माह से भौरगढ़ निवासी राजा लिल्हारे नामक यू-ट्यूबर से प्रताड़ित है। पीड़ित महिला बैयवंताबाई और उनके पुत्र ने बताया कि उनके मकान की छत ढलाई कार्य के दौरान दीपक डोहरे नामक व्यक्ति ने अपने पाईप से पानी डालकर जगह-जगह गड्ढे बना दिए थे, जिसके कारण मकान के अंदर रिसाव होने लगा। प्रताड़ित महिला ने उक्त युवक को समझाया, लेकिन उसने महिला को अपशब्द कहकर अपमानित किया और मारपीट की।

**रिपोर्ट दर्ज नहीं की, थाने से भगा दिया**-महिला ने बताया कि दीपक डोहरे के पक्ष से राजा लिल्हारे ने आकर कहा कि वह कलेक्टर एसपी को भी सम्भाल लेगा। इस महिला को जहां तक शिकायत करने जाना है वहां तक जाने दो। अगर इसने ज्यादा शिकायत की तो मैं इनका वीडियो बनाकर सोशल मिडिया पर अपलोड कर दूंगा।

पीड़ित महिला ने बताया कि उनके द्वारा पुलिस थाना खैरलांजी में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, क्योंकि पुलिस थाना खैरलांजी में राजा लिल्हारे के प्रभाव के चलते पुलिस वालों ने थाने से बाहर भगा दिया।

**पुलिस दे रही थी बंद करने की धमकी-** इसके बाद सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत की गई। इसके पूर्व पूरे घटनाक्रम की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालाघाट व डीजीपी भोपाल को भी की गई थी।

पीड़ित महिला ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि जब उन्हें कहीं भी न्याय नहीं मिला तो वह न्यायालय की शरण में चली गई और उनके द्वारा अपने साथ घटित मामले का परिवाद पेश किया गया, क्योंकि सीएम हेल्पलाईन 181 पर की गई शिकायत पर पुलिस वाले थाने में बन्द करने की धमकी देने लगे थे। अब राजा लिल्हारे से भयभीत होकर उन्हें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रेस कांफ्रेस का सहारा लेना पड़ रहा है।

# 100 इलेक्ट्रिक एसी बसें जल्द होंगी संचालित

**चरणवार आएंगी बसें पहले चरण में 40, दूसरे चरण में 35 एवं तीसरे चरण में 25 बसें**

**जबलपुर।** शहर में जल्द ही 100 इलेक्ट्रिक एसी बसे संचालित होगी ।बसें चरणवार आएंगी। पहले चरण में 40, दूसरे चरण में 35 एवं तीसरे चरण में 25 बसें आ रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर के नागरिकों को अब पी.एम. ई बस योजनांतर्गत अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित आरामदायक और प्रदूषण मुक्त सफर की सौगात मिलने जा रही है। जे.सी.टी.एस.एल. द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर 100 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक ए.सी. बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। ये बसें न केवल आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होंगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि बसों के रखरखाव और चार्जिंग के लिए कठोंदा में 4 एकड़ में एक विशाल डिपो का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में यहाँ चार्जिंग अधोसंरचना का कार्य 70 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि प्रथम चरण में 40 बसें, द्वितीय चरण में 35 बसें, एवं तृतीय चरण में 25 बसें शहर पहुँचेंगी, बसों का संचालन इस प्रकार किया जाएगा कि यात्रियों को हर 5 से 10 मिनट के अंतराल में बस उपलब्ध हो सके। मदर टेरेसा से रांझी, घाना, सोनपुर. वाया घमापुर, 2 करमेता से रांझी, घाना वाया कांचघर, पनागर से पनागर वाया दमोहनाका, पनागर से पनागर वाया घमापुर, आई.एस.बी.टी. से बरेला शारदा मंदिर वाया तीन पत्ती, आई.एस.बी.टी. से भेड़ाघाट वाया अंधमुख बायपास, आई.एस.बी.टी. से गौरीघाट वाया त्रिमूर्ति नगर, रेलवे स्टेशन से भेड़ाघाट वाया सगडा, चौकीताल, आई.एस.बी.टी. बरगी डेम वाया तीन पत्ती, तिलवारा, आई.एस.बी.टी. से शाहपुरा वाया तीन पत्ती, अन्धमुख, रेल्वे स्टेशन से पाटन, एवं आई.एस.बी.टी. से एयरपोर्ट वाया यूनिवर्सिटी पर संचालन किया जायेगा।